# बजरंग बाला है सबसे न्यारा | By Mukesh Bagda |

बजरंग बाला सबसे न्यारा,
सब भक्तों को बड़ा लागे प्यारा,
भक्तों में भक्त बड़ा मतवाला,
सारी दुनियाँ का है ये रखवाला,
बजरंग बाला सबसे न्यारा,
सब भक्तों को बड़ा लागे प्यारा।।

अंजनि पुत्र पवन सुत की तो,
महिमा अजब निराली है,
भूत पिशाच निकट नहीं आवै,
ये अतुलित बलशाली है,
इन से बड़ा ना कोई दिल वाला,
भक्तों में भक्त, बड़ा मतवाला,
सारी दुनियाँ का है ये रखवाला,
बजरंग बाला, सबसे न्यारा,
सब भक्तों को बड़ा लागे प्यारा।।

महावीर विक्रम बजरंगी,
बिगड़ी सबकी बनाते हैं,
मन की मुरादे पूरी करते,
सबके कष्ट मिटाते हैं,
सब देवो में बाबा देव निराला,
भक्तों में भक्त बड़ा मतवाला,
सारी दुनियाँ का है ये रखवाला,
बजरंग बाला सबसे न्यारा,
सब भक्तों को बड़ा लागे प्यारा।।

नाँच नाँच कर राम रिझाएं,
भक्त बड़ा अलबेला है,
अमन राम को बस मे जो कर ले,
हुआ ये भक्त अकेला है,
राम नाम के अमृत का पीने वाला,
भक्तों में भक्त बड़ा मतवाला,
सारी दुनियाँ का है ये रखवाला,
बजरंग बाला सबसे न्यारा,
सब भक्तों को बड़ा लागे प्यारा।।

बजरंग बाला सबसे न्यारा,
सब भक्तों को बड़ा लागे प्यारा,
भक्तों में भक्त बड़ा मतवाला,
सारी दुनियाँ का है ये रखवाला,
बजरंग बाला सबसे न्यारा,
सब भक्तों को बड़ा लागे प्यारा।।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b8%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-m/